SJU Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक



**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।


RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 16 मार्च 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 166

## महत्वपूर्ण एवं खास

### दिल्ली के औद्योगिक इलाकों में कर आकलन के लिए ड्रोन से सर्वेक्षण करेगी एमसीडी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) कर चोरी पर लगाम लगाने के लिए ड्रोन के जरिये शहर के औद्योगिक क्षेत्रों में संपत्तियों का सर्वेक्षण करेगी. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. एमसीडी के एक अधिकारी ने कहा कि इससे कर का भुगतान करते समय निवासियों द्वारा प्रस्तुत संपत्तियों के विवरण के सत्यापन में मदद मिलेगी. एमसीडी ने कर आकलन के लिए एक एजेंसी के माध्यम से ड्रोन आधारित सर्वेक्षण करने के वास्ते निविदा आमंत्रित की है. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 16 मार्च है. एमसीडी राष्ट्रीय राजधानी में औद्योगिक क्षेत्रों में आने वाली संपत्तियों का सर्वेक्षण करने के लिए पहली बार ड्रोन का इस्तेमाल करेगी.

### अयोध्या में 21 से 30 मार्च तक होगा 'राम जन्म महोत्सव' का आयोजन

**अयोध्या (आरएनएस)।** अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करा रहा श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट नवरात्रि के दौरान आगामी 21 से 30 मार्च तक अयोध्या में 10 दिवसीय 'राम जन्म महोत्सव' का आयोजन करेगा. राम मंदिर ट्रस्ट ने मंगलवार देर शाम अपने ट्विटर हैंडल से महोत्सव का आधिकारिक पोस्टर जारी किया है. ट्रस्ट के एक अधिकारी ने बताया कि खेल प्रतियोगिताओं में 'रन फॉर राम' मैराथन दौड़, कुश्ती, कबड्डी, नौका दौड़, तलवारबाजी, साइकिल दौड़ और ग्रामीण क्षेत्रों में लोकप्रिय कुछ अन्य खेल शामिल होंगे. उन्होंने बताया कि उत्सव के प्रति दिन शाम को धार्मिक सभाएं आयोजित की जाएंगी. इसमें महाकाव्य श्रीरामचरित मानस की कहानियों पर आधारित नाटकों का प्रदर्शन, भारतीय संगीत वाद्ययंत्रों के साथ संगीतमय प्रस्तुतियां और कवियों का जमावड़ा भी शामिल होगा जो अपनी कविताओं के माध्यम से भगवान राम की स्तुति का पाठ करेंगे.

### शहडोल के व्यौहारी में मुरम खदान धसकी, दबने से दो मजदूरों की मौत

**शहडोल (आरएनएस)।** जिला मुख्यालय से तकरीबन 120 किलोमीटर दूर ब्यौहारी थाना क्षेत्र के ग्राम झारौसी में बुधवार की सुबह मुरम खदान धसकने से दो मजदूरों की दबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान मुकेश कोल एवं अनीश कोल निवासी ग्राम झरौसी के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार जहां घटना हुई है वहां अवैध रूप से मुरम निकलवाई जा रही थी। बुधवार को खदान में मुरम लोड करने एक ट्रैक्टर लगा हुआ था। जिसमे मृतकों समेत अन्य मजदूर मुरम भर रहे थे। इसी दौरान खदान के ऊपरी हिस्से से मुरम भर भराकर गिरी, जिसमें दोनों मजदूर दब गए,जिससे उनकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि अवैध रूप से मुरम निकालने गांव-गांव से मजदूर और ग्रामीण भी बड़ी संख्या में बुलवाए जाते हैं और जिनकी जान खतरे में डालकर कुछ लोग यह काम करवा रहे हैं। रीवा से टेटका मार्ग में किसी कंपनी द्वारा लगभग पांच सौ करोड़ की लागत से सडक़ का निर्माण कराया जा रहा है। उसी सडक़ की पटरी भराई के लिए अवैध रूप से झरौसी से मुरूम निकलवाकर डलवाया जा रहा है। इस घटना के बाद मौके पर पुलिस रवाना हो गई है। इस संबंध में पुलिस ने जानकारी दी है कि घटना हुई है और मुरूम खदान के नीचे दबकर दो लोगों की मौत हो गई है। पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मौके पर पहुंच गए हैं और मामले की जांच कर रहे हैं।

### ऑटो रिक्शा में दिया बच्चे को जन्म, समय पर नहीं ला सके स्ट्रेचर

**इंदौर (आरएनएस)।** इंदौर के जिला अस्पताल में एक महिला की डिलीवरी रिक्शा में ही हो गई। बाद में रिक्शा को लेकर अस्पताल के अदर तक जाना पड़ा। बताया जाता है कि रिक्शा चालक और महिला का परिवार काफी देर तक स्ट्रेचर लाने के लिये कर्मचारियों से मदद मांगता रहा लेकिन कोई कर्मचारी नहीं आया। जिला अस्पताल में दामोदर नगर निवासी आशा पति जितेन्द्र जाधव को ऑटो रिक्शा चालक सदन सोलंकी लेकर पहुंचा था। यहां रिक्शा बाहर खड़ी कर कर्मचारियों से स्ट्रेचर लाने के लिये कहा गया। लेकिन काफी देर तक कर्मचारी वहां नहीं पहुंचे। इधर आशा दर्द से कराहती रही। कुछ ही देर बाद उसने रिक्शा में ही बच्चे को जन्म दे दिया। इसके बाद रिक्शा चालक मदन अस्पताल के अंदर तक ऑटो रिक्शा ले गया। यहां महिला नर्स और कर्मचारियों ने रिक्शा से महिला आशा और उसके नवजात बच्चे को निकाला और ओटी रूम में ले गए।

## आतंकवाद के जुड़े मामले में एनआईए का एक्शन, जे-के समेत पंजाब में कई जगहों पर की ताबड़तोड़ छापेमारी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आतंकवाद से संबंधित एक मामले में मंगलवार को जम्मू-कश्मीर और पंजाब में कई स्थानों पर छापेमारी की। दरअसल, इस मामले में पाकिस्तान स्थित हैंडलर युवाओं को आतंकवादी संगठनों में शामिल होने के लिए अपने भारतीय एजेंटों का इस्तेमाल कर रहे थे। जम्मू-कश्मीर में कुलगाम, शोपियां, पुलवामा, अनंतनाग समेत 11 स्थानों और पंजाब के फतेहगढ़ साहिब में एक जगह पर तलाशी ली गई।

इन स्थानों से डिजिटल डिवाइस और आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई। एनआईए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि जून 2022 में, उन्होंने ओजीडब्ल्यू और विभिन्न अभियुक्त संगठनों और उनके सहयोगियों के कैडरों के खिलाफ एक मुकदमा दर्ज किया, जो अपने पाकिस्तानी कमांडरों के आदेशों पर फर्जी नामों के तहत काम कर रहे थे।

2022 में फॉलो-अप ऑपरेशन में, श्रीनगर, बारामूला, पुलवामा, अनंतनाग, बडगाम और कठुआ सहित जम्मू और कश्मीर के छह जिलों में 14 स्थानों पर तलाशी ली गई।

अधिकारी ने कहा, यह मामला जम्मू-कश्मीर के युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और अल्पसंख्यक समुदायों, सुरक्षाकर्मियों और धार्मिक आयोजनों को लक्षित करने के लिए प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के पाकिस्तान स्थित कमांडरों द्वारा रची गई एक आतंकी साजिश से संबंधित है। आरोपी साइबर स्पेस पर जम्मू-कश्मीर में आतंक फैलाने में भी शामिल पाए गए थे। जांच के दौरान, 12 संदिग्धों की पहचान की गई जो पाकिस्तान स्थित विभिन्न आकाओं के संपर्क में थे।

### जम्मू-कश्मीर के बारामूला में लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा आतंकवादी गिरफ्तार

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकवादी को गिरफ्तार कर उसके पास से कुछ विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है. पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी. पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि बारामूला के सिंहपोरा पट्टन में नाके पर जांच के दौरान सुरक्षा बलों ने फेरन (पारंपरिक पोशाक) पहने मोतीपोरा से आ रहे व्यक्ति को देखा. उन्होंने कहा कि नाका दल को देखने के बाद उस व्यक्ति ने भागने की कोशिश की, लेकिन चौकस दल ने पीछा कर उसे पकड़ लिया. अधिकारी ने कहा कि आतंकवादी की तलाशी के दौरान एके-47 की 71 गोलियां बरामद की गईं, जिसके बाद उसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया. अधिकारी के मुताबिक, पूछताछ के दौरान उसने बताया कि उसका नाम अली मोहम्मद भट है और वह बोनीचकल आरामपोरा पट्टन में रहता है. उन्होंने बताया कि अली ने कहा कि वह प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के साथ काम कर रहा है. अधिकारी ने कहा कि अली के खिलाफ शस्त्र अधिनियम और गैरकानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है.

## विदेशी वकीलों और कानून फर्मों को बीसीआई ने भारत में प्रैक्टिस की अनुमति दी




**नईदिल्ली (आरएनएस)।** बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने विदेशी वकीलों और कानून फर्मों को पारस्परिक आधार पर भारत में विदेशी कानून के प्रैक्टिस की अनुमति दी है। बार और बेंच की रिपोर्ट में यह बताया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीआई भारत में विदेशी वकीलों और विदेशी कानून फर्मों के पंजीकरण और विनियमन के लिए बार काउंसिल ऑफ इंडिया नियम, 2022 लेकर आया है, ताकि अंतरराष्ट्रीय वकीलों और आर्बिट्रेशन प्रैक्टिशनर को भारत में प्रैक्टिस करने में सक्षम बनाया जा सके।

बीसीआई ने आगे कहा है कि अगर भारत में कानूनी प्रैक्टिस प्रतिबंधित और अच्छी तरह से नियंत्रित और विनियमित तरीके से विदेशी वकीलों के लिए खोल दी जाती है तो भारत को कोई नुकसान होने की संभावना नहीं है।

बीसीआई ने कहा, ज्यह भारत और विदेशों के वकीलों के लिए परस्पर लाभकारी होगा और ये नियम इस दिशा में बार काउंसिल ऑफ इंडिया का एक प्रयास है। ये नियम देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के प्रवाह के बारे में व्यक्त की गई चिंताओं को दूर करने और भारत को अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्यिक मध्यस्थता का केंद्र बनाने में भी मदद करेंगेज् आइए हम यह सुनिश्चित करें कि भारत में कानूनी पेशे और कानूनी क्षेत्र के लिए विकास का अवसर खोया नहीं जाए।

## पिछले दो वर्ष में देश में साइबर सुरक्षा से जुड़ी 27,94,266 घटनाएं दर्ज हुई : सरकार



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सरकार ने बुधवार को लोकसभा को बताया कि पिछले दो वर्ष में देश में साइबर सुरक्षा से जुड़ी 27,94,266 घटनाएं दर्ज की गईं।


लोकसभा में अपराजिता सारंगी के प्रश्न के लिखित उत्तर में इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने यह जानकारी दी। चंद्रशेखर ने कहा कि भारतीय कम्प्यूटर आपात प्रतिक्रिया दल (सर्ट इन) को दी गई सूचना के अनुसार वर्ष 2021 और 2022 के लिए क्रमश: 14,02,809 और 13,91,457 साइबर सुरक्षा घटनाएं दर्ज की गईं।

इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री ने बताया कि सर्ट-इन प्रभावित संगठनों को उपचारात्मक कार्रवाइयों के साथ सूचित करता है और प्रभावित संगठनों, सेवा प्रदाताओं, संबंधित क्षेत्र के नियामकों एवं कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ घटना प्रतिक्रिया उपायों का समन्वय करता है।

चंद्रशेखर ने कहा कि समय-समय पर देश के भीतर और बाहर स्थित प्रणालियों से भारतीय साइबर क्षेत्र पर साइबर हमले करने के प्रयास किए गए हैं। उन्होंने बताया कि यह देखा गया है कि हमलावर दुनिया के विभिन्न हिस्सों में स्थित कम्प्यूटर के माध्यम से वास्तविक प्रणाली की पहचान छिपाने के लिए नकली तकनीक एवं छिपे हुए सर्वर का उपयोग कर रहे हैं और ऐसे हमले किए जा रहे हैं।

## देश में कोविड के 618 नए मामले आए सामने

**5 और लोगों ने गवाईं जान**



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 618 नए मामले आने के बाद देश में अभी तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढक़र 4,46,91,956 हो गई है. देश में 117 दिन बाद संक्रमण के 600 से अधिक दैनिक मामले सामने आए हैं. वहीं उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढक़र 4,197 पर पहुंच गई है.

देश में पिछले साल 18 नवंबर को संक्रमण के 656 दैनिक मामले सामने आए थे. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार को सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक, देश में संक्रमण से पांच और मरीजों की मौत के बाद मृतक संख्या बढक़र 5,30,789 हो गई. कर्नाटक तथा महाराष्ट्र में दो-दो और उत्तराखंड में एक व्यक्ति की संक्रमण से मौत हुई.

अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, भारत में अभी तक कुल 4,41,56,970 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं, जबकि कोविड-19 से मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है. मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.80 प्रतिशत है. स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक, देश में राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 220.64 करोड़ खुराक लगाई जा चुकी हैं.

गौरतलब है कि भारत में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी. संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे. देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे. चार मई 2021 को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी. पिछले साल 25 जनवरी को संक्रमण के कुल मामले चार करोड़ के पार हो गए थे.

## सनकी बेटी की हैवानियत! तीन माह तक अलमारी में छिपाया मां का शव

**पुलिस ने छापेमारी कर किया बरामद**



**मुंबई (आरएनएस)।** एक दिल दहला देने वाली घटना में एक 23 वर्षीय महिला अपनी विधवा मां के शव के साथ रह रही थी। शव को प्लास्टिक की चादर में लपेटा गया था और लगभग तीन महीने तक अलमारी में छिपाकर रखा गया। घटना का पता मंगलवार देर रात तब चला जब कलाचौकी पुलिस 55 वर्षीय विधवा वीना प्रकाश जैन की 'गुमशुदगी' की शिकायत की जांच कर रही थी, जिसे उसके भाई के परिवार ने दर्ज कराया था।

जैसे ही पुलिस टीम लालबाग इलाके में पेरू कंपाउंड में उनके घर पहुंची, महिला ने शुरू में उन्हें प्रवेश नहीं करने दिया और पहले उसने अपने चचेरे भाई को भी बाहर कर दिया जो अपनी चाची (मृतक) के बारे में पूछताछ करने आया था।

पुलिस ने कहा कि, वीणा प्रकाश जैन पर चाकू से वार किए गए थे, जबकि उसके शरीर के अन्य हिस्सों जैसे हाथ और पैर काट दिए गए और एक फोरेंसिक टीम ने पूरी जांच के लिए पूरे फ्लैट का दौरा किया। शव को अत्यधिक सड़ी-गली अवस्था में बरामद किया गया।

एक अधिकारी ने कहा कि जैन करीब 16 साल पहले प्रकाश जैन की मौत के बाद पालघर के विरार से लालबाग आ गए थे और मृतक वीणा के भाई मासिक आर्थिक मदद से उनकी मदद करते थे।


हालांकि, पिछले करीब तीन महीने से कई बार मिलने के बाद भी भाई अपनी बड़ी बहन वीणा से नहीं मिल पाया और हर बार बेटी कोई न कोई बहाना बना ही देती कि 'बाहर निकल गई है' या आराम कर रही हैं। देर रात महिला के चचेरे भाई द्वारा एक और प्रयास के बाद परिवार ने कालाचौकी पुलिस को सूचित किया, जिसने वहां एक टीम भेजी।

महिला ने शुरू में पुलिस को अनुमति नहीं दी, लेकिन उन्हें घर से निकलने वाली बदबू का आभास हुआ और आखिरकार वे घर में घुस गईं। वीना के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए केईएम अस्पताल ले जाया गया, जिसकी रिपोर्ट का इंतजार है। पुलिस ने बेटी को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है।

एक अधिकारी ने कहा कि महिला ने दावा किया है कि उसे बॉडी के बारे में कोई जानकारी नहीं थी और वह विरोधाभासी बयान देती रही। नाम न छापने की शर्त पर एक अधिकारी ने कहा, हत्या का कारण, यह कब और किसके द्वारा किया गया, यह अभी भी स्पष्ट नहीं है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने के बाद हम आगे कदम उठाएंगे।

जांच यह भी सत्यापित करेगी कि क्या महिला स्वस्थ दिमाग की थी? क्या उसका अपनी मां की मौत से कोई लेना-देना था और उसने इतने लंबे समय तक अपने घर में एक शव के साथ रहने का विकल्प क्यों चुना।

## जिंदगी की जंग हार गया लोकेश, विदिशा में खेलने के दौरान बोरवेल में गिरा था 8 साल का मासूम



**विदिशा (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के विदिशा जिले में खेलते समय 60 फीट बोरवेल में गिरे 8 साल के मासूम लोकेश ने 24 घंटे के रेस्क्यू के बाद दम तोड़ दिया. लोकेश को जब अस्पताल में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया.

एनडीआरएफ की टीम ने करीब 24 घंटे के बाद लोकेश को बोरवेल से रेस्क्यू कर बाहर निकाला था. इसके चलते गड्ढे की खुदाई चालू की गई थी. बच्चे को निकालते ही 14 किलोमीटर दूर लटेरी शासकीय अस्पताल ले जाया गया था. जानकारी के मुताबिक 8 वर्षीय लोकेश को आईसीयू में ले जाया गया जहां उसे डॉक्टरों की टीम ने मृत घोषित कर दिया.

घटना मंगलबार सुबह 11 बजे की है जब लोकेश बंदरों के पीछे भागने के चक्कर में खेत में खुले पड़े बोरवेल में गिर गया. जानकारी मिलने के बाद तुरंत ही बच्चे को ऑक्सीजन की सप्लाई शुरू की गई और सीसीटीवी की मदद से बच्चे के मूवमेंट पर नजर रखी जा रही थी.

## राहुल के बयान और अडाणी समूह से जुड़े मुद्दे पर लोस में हंगामा, कार्यवाही फिर स्थगित, विपक्ष ने की बैठक



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा भारत के लोकतंत्र को लेकर लंदन में दिए गए बयान पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों की नारेबाजी और अडाणी समूह से जुड़े मामले की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच की मांग को लेकर कांग्रेस समेत कुछ विपक्षी दलों के सदस्यों ने बुधवार को लोकसभा में भारी हंगामा किया। शोर शराबे के कारण सदन की कार्यवाही शुरू होने के करीब पांच मिनट बाद ही अपराह्न दो बजे तक स्थगित करनी पड़ी। इससे पहले विपक्ष ने अपनी रणनीति बनाने के लिए बैठक की और ईडी कार्यालय तक मार्च निकालने का फैसला किया।

सदन की बैठक शुरू होने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल चलाने का निर्देश दिया। इस बीच कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों के सदस्य आसन के समीप आकर अडाणी समूह से जुड़े मुद्दे पर जेपीसी जांच की अपनी मांग को लेकर नारेबाजी करने लगे। कुछ विपक्षी सदस्यों के हाथों में तख्तियां भी थीं। उधर सत्तापक्ष के कुछ सदस्य अपने स्थानों पर खड़े होकर विदेश में राहुल गांधी के भारतीय लोकतंत्र को लेकर दिये गये बयान पर उनसे माफी की मांग करने लगे। अध्यक्ष बिरला ने आसन के पास नारेबाजी कर रहे विपक्षी सदस्यों से अपने स्थान पर जाने का आग्रह करते हुए कहा कि यह सदन चर्चा और संवाद के लिए है, नीतियां बनाने के लिए है। उन्होंने कहा, 'अगर हम जनता का कल्याण करना चाहते हैं और सदन को लोकतंत्र का मंदिर मानते हैं तो कम से कम सदन पर टिप्पणी नहीं करें। यह संसद लोकतंत्र का मंदिर है, आस्था का केंद्र है। सदन के अंदर और सदन के बाहर कभी संसद पर टिप्पणी करना उचित नहीं है। लोकसभा अध्यक्ष ने आसन के पास तख्तियां दिखा रहे विपक्षी सदस्यों से कहा, 'मैं आपको चेतावनी दे रहा हूं कि यह सदन तख्तियां लाने के लिए नहीं है। सीटों पर जाइए। मैं आपको पर्याप्त समय और पर्याप्त मौका दूंगा। यह गलत तरीका है। कभी भी सदन में तख्तियां दिखाने, नारेबाजी की अनुमति नहीं है। उन्होंने कहा, 'लोकतंत्र में तख्तियां दिखाने, नारेबाजी का अधिकार संसद से बाहर है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने लंदन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान का उल्लेख करते हुए कहा, 'सदन के एक सदस्य विदेश में जाकर संसद का अपमान करते हैं। यह गंभीर विषय है। सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि सदस्य (राहुल गांधी) माफी नहीं मांगते तो हंगामा कर रहे सदस्यों की जवाबदेही तय होनी चाहिए और यदि ये सदस्य इसी तरह तख्तियां दिखाते हैं तो इन्हें निलंबित किया जाए। बिरला ने हंगामा कर रहे सदस्यों से कहा, 'क्या यह आपके लिए उचित है। आप क्या संदेश देना चाहते हैं। सदस्यों का यह व्यवहार क्या उचित है। हंगामा नहीं थमने पर अध्यक्ष बिरला ने सदन की बैठक शुरू होने के करीब पांच मिनट बाद ही कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक स्थगित कर दी।